अतारांकित प्रशन

हेपेटाइटिस बी तथा सी के मरीजों की कुल संख्या

20. श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):

14/17/73

क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि:

(क) असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अप्रैल, 2022 से नवम्बर, 2023 तक हेपेटाइटिस बी तथा सी की बीमारी से ग्रस्त रोगियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उपरोक्त बीमारी से ग्रस्त रोगियों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) भविष्य में उपरोक्त बीमारी की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं तथा उसका संपूर्ण ब्यौरा क्या है?

अनिल विज, स्वास्थ्य मन्त्री, हरियाणा

(क) असंध विधानसभा क्षेत्र में अप्रैल, 2022 से नवंबर, 2023 तक 51 रोगी हेपेटाइटिस बी से और 395 रोगी हेपेटाइटिस सी (यानी एंटी़-एच.सी.वी. एंटी–बॉडी पॉजिटिव पाए गए) से ग्रस्त थे।

(ख) वायरल हेपेटाइटिस के प्रबंधन के लिए निर्धारित राष्ट्रीय दिशा–निर्देशों के अनुसार उपरोक्त रोगियों में से 15 रोगियों को हेपेटाइटिस बी उपचार के लिए पात्र पाया गया और 221 रोगियों को हेपेटाइटिस सी उपचार के लिए पात्र पाया गया; इन सभी पात्र रोगियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार पर रखा गया।

हेपेटाइटिस बी और सी से ग्रस्त रोगियों के लिए, राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिलों में नामित उपचार केंद्रों पर मुफ्त निदान और उपचार प्रदान किया जा रहा है।

(ग) भविष्य में हेपेटाइटिस बी तथा सी रोग की रोकथाम के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :

i. हेपेटाइटिस बी तथा सी की रोकथाम के संबंध में सूचना, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियां की जा रही हैं।

ii. स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित विशेष शिविरों के दौरान व उच्च जोखिम वाले समूह की आबादी [यानी ड्रग्स इंजेक्ट करने वाले लोग (पी.डब्ल्यू.आई.डी.), कमर्शियल सेक्स वर्कर्स, एच.आई.वी./एड्स से ग्रस्त व्यक्ति (पी.एल.एच.आई.वी.), जेल कैदियों आदि] की मुफ्त हेपेटाइटिस बी तथा सी जांच की जा रही है।

iii. प्रसव पूर्व जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क हेपेटाइटिस बी जांच।

iv. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक सभी राज्य सरकार की स्वास्थ्य संस्थाओ में निःशुल्क हेपेटाइटिस बी तथा सी की जांच।

v. जांच के दौरान हेपेटाइटिस बी तथा सी पॉजिटिव पाए गए सभी व्यक्तियों के लिए निःशुल्क पुष्टिकरण निदान (वायरल लोड परीक्षण)।

vi. हेपेटाइटिस बी के मां से बच्चे में संचरण को रोकने के लिए हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं के नवजात बच्चों को हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन का निः शुल्क टीका लगाया जाता है ।

vii. सभी बच्चों, राज्य सरकार के स्वास्थ्य संस्थानों के स्वास्थ्य कार्यकर्ता और उच्च जोखिम समूह की आबादी [यानी ड्रग्स इंजेक्ट करने वाले लोग (पी.डब्ल्यू.आई.डी.), कमर्शियल सेक्स वर्कर्स, एच.आई.वी./एड्स से ग्रस्त व्यक्ति (पी.एल.एच.आई.वी.) आदि] का मुफ्त हेपेटाइटिस बी टीकाकरण किया जा रहा है।